**खबर संक्षेप**

## कांग्रेसी नेताओं की सोच घटिया-शिवराज शाह



**मण्डला।** पिछले दिनों मण्डला प्रवास पर आये समयक अभियान के प्रमुख भास्कर राव रोकड़े द्वारा एक पत्रकारवार्ता के दौरान कांग्रेसी नेताओं की मौजूदगी में जो बयानबाजी की गई उसे और फूलसिंह बरैया द्वारा एसटी, एससी एवं ओबीसी महिलाओं को लेकर दिये गये आपत्तिजनक बयान का विरोध करते हुये शिवराज ने इसे निंदनीय बताया और कानूनी कार्यवाही भी करने की बात कहीं।

## डॉ अजय वंशकार हुए सम्मानित

**मण्डला।** मेकल रोटरी क्लब द्वारा आयोजित झंकार भवन पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शहर की प्रतिभाओं को मंच में सम्मानित किया गया इस अवसर पर समाज सेवा के क्षेत्र में युवाओं के बीच में सकारात्मक विचारों के साथ निरंतर अपना योगदान दे रहे डॉक्टर अजय वंशकार हुए सम्मानित। डॉ अजय वंशकार द्वारा मंडला जिले के अलावा अनेक क्षेत्रों में समाज सेवा के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के प्रयास किया जा रहे हैं डॉ अजय वंशकार एक सामाजिक संस्था भागीरथ सेवा विकास परिवार भी संचालित कर रहे हैं और इसी के निमित्त अजेय मंडला पत्रिका भी निकलते हैं जिसका उद्देश्य समाज में सकारात्मक विचारधारा को पहुंचाने का है।

### साल के दर्जनों हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई के गंभीर आरोप

# तालाब के नाम पर वन विनाश

* ग्राम पंचायत पखवार का मामला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/मवई





वनांचल क्षेत्र मवई में जंगलों की अंधाधुंध कटाई का एक गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जनपद मुख्यालय मवई से महज 3–4 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत पखवार में तालाब निर्माण की आड़ में दर्जनों हरे-भरे साल (सरई) वृक्षों की अवैध कटाई किए जाने के गंभीर आरोप लगे हैं। इस पूरे प्रकरण में वन विभाग पखवार वृत्त के डिप्टी रेंजर की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। जल संवर्धन के नाम पर परिपक्व पेड़ो की अवैध कटाई में किसकी अनुमति से की गई? स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत पखवार द्वारा जल संवर्धन के लिए लगभग 8 लाख की लागत से तालाब का निर्माण कराया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि गांव में तालाब निर्माण के लिए पर्याप्त शासकीय एवं गैर-वन भूमि उपलब्ध होने के बावजूद जानबूझकर वन क्षेत्र से लगे क्षेत्र का चयन किया गया, जहां साल जैसे संरक्षित एवं बहुमूल्य वन वृक्ष मौजूद थे। इस चयन को लेकर ग्रामीणों में गहरा संदेह है कि यह निर्णय पूर्व नियोजित मंशा के तहत लिया गया।



### डिप्टी रेंजर की सहमति के बिना संभव नहीं

ग्रामीणों का आरोप है कि वन क्षेत्र से लगे हिस्से में साल जैसे संरक्षित वृक्षों की कटाई पिछले कई दिनों से जारी है तो वन विभाग की जानकारी और सहमति के बिना संभव ही नहीं है। इसके बावजूद न तो मौके पर कोई रोक लगाई गई और न ही किसी प्रकार की वैधानिक अनुमति सार्वजनिक की गई। इससे डिप्टी रेंजर / वन विभाग की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं वन क्षेत्र से लगे क्षेत्रों में जेसीबी मशीन से धड़ुले से कार्य जारी है और विभाग के जिम्मेदारो को जानकारी न हो ऐसा हो नहीं सकता ।

### जेसीबी से ठूंठ उखाड़े गए, नालों में दबाए गए पेड़

मामले को और गंभीर बनाते हुए ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पेड़ काटने के बाद JCB मशीन से उनके ठूंठ उखाड़े जा रहे हैं, ताकि स्थल पर कोई ठोस साक्ष्य न बचे। इतना ही नहीं, कटे हुए पेड़ों को वन क्षेत्र से बह रहे नालों में दबाने का भी प्रयास किया गया है। इसे पूरे मामले को दबाने की सुनियोजित कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

### मुख्यालय के पास वन अपराध, फिर भी कार्रवाई शून्य

सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि यह पूरा घटनाक्रम जनपद मुख्यालय मवई के बेहद नजदीक घटित हुआ, जहां वन परिक्षेत्र कार्यालय भी स्थित है। इसके बावजूद अब तक न मौका पंचनामा न अपराध पंजीबद्ध न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी या पंचायत प्रतिनिधि पर ठोस कार्रवाई की कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। वहीं इस पूरे मामले में मवई वन परिक्षेत्र अधिकारी (पूर्व) सामान्य में पदस्थ वन परिक्षेत्राधिकारी श्रीमति साधना चौहान जी से इस विषय में पूछा गया तो स्थल की जांच करवाने की बात कही।

### इनका कहना है :-

*मुझे इस मामले की जानकारी नहीं है में दिखवा लेती हु तब ही कुछ बता सकती हूँ।*

***-श्रीमती साधना चौहान,***
**वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व सामान्य मवई**

*मनरेगा योजना के तहत स्वीकृत परकुलेशन टैंक का निर्माण कार्य कराया जा रहा है कुछ हिस्सा वन विभाग एवं कुछ हिस्सा राजस्व का है पेड़ पहले से सुख चुके थे।*

***-रोवेस उददे,***
**प्रभारी सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत पखवार**

## शहर के विकास को लेकर योजना भवन में हुई अहम चर्चा



* बैठक में आए महत्वपूर्ण सुझाव, मंत्री एवं सांसद ने की रोजगार मेले में युवाओं से अधिक भागीदारी की अपील।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

मंडला शहर के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से योजना भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके एवं सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने शहर के विकास से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर समाजसेवियों, संस्थाओं और पत्रकारों के समक्ष अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, श्री प्रफुल्ल मिश्रा, श्री जयदत्त झा, श्री विनय मिश्रा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही।

चर्चा के दौरान शहर में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, कलेक्टर भवन के लिए जगह, जनहितकारी कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने तथा विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि विकास कार्यों का लाभ हर वर्ग तक पहुँचना चाहिए, इसके लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा।

बैठक में 20 जनवरी को आयोजित होने वाले रोजगार मेले को लेकर भी विशेष रूप से चर्चा की गई। इस अवसर पर युवाओं से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में रोजगार मेले में भाग लें और अवसरों का लाभ उठाकर अपने भविष्य की राह आसान बनाएं। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि रोजगार मेला युवाओं को रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम है।

कार्यक्रम में समाजसेवी, विभिन्न संगठन प्रतिनिधि एवं पत्रकारगण भी उपस्थित रहे। सभी ने शहर विकास और युवाओं के रोजगार से संबंधित पहल का स्वागत करते हुए सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया।

### जनभागीदारी के साथ समाधान की दिशा में एक सार्थक पहल

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत मझगांव में "संकल्प से समाधान" अभियान के अंतर्गत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में ग्रामीणजनों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपनी समस्याएँ, मांगें एवं सुझाव प्रस्तुत किए। इस अवसर पर संबंधित विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्याओं के निराकरण एवं योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने की प्रक्रिया सुनिश्चित की गई।

## टिकरिया पुलिस द्वारा मैली चौराहा में हेलमेट न लगने पर कार्रवाई



**नारायणगंज।** थाना टिकरिया के पुलिस बल द्वारा मौली चौराहा में हेलमेट न लगने पर चालान काटे गए जिसमें 1000 के दो चलन नाबालिकों के काटे गए बाकी 15 चालान हेलमेट न लगने पर कार्रवाई की गई नशे से है दूरी है जरूरी इस अभियान के अंतर्गत थाना टिकरिया के टीआई गोपाल भोंसले एवं उनकी टीम द्वारा जगह-जगह बैनर लगाकर लोगों को जागरूक किया एवं साइबर अपराध के बारे में हर चौराहे में जाकर नवयुवक एवं आम नागरिकों को सलाह दी गई स्कूल के छात्रों को साइबर अपराध नशे के बारे में हो रहे दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई और उनसे दूर रहने के भी चलाई दी गई नशे से शरीर पर जो दुष्परिणाम हो रहे हैं कैंसर जैसे बड़ी बीमारियां हो रहे हैं जिसका ना युवक वर्ग परेशान हो रहा है नशे से है दूरी जरूरी इस अभियान के तहत जगह-जगह टिकरिया पुलिस द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है आज दिनांक 17 जनवरी 2026 को थाना टिकरिया क्षेत्र अंतऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत ड्रग्स एवं अन्य मादक पदार्थों के बिक्री करने वाले पेडलर और उपयोग करने वालों के संबंध में गोपनीय नंबर के संबंध में जानकारी दी गई वाहन चेकिंग के दौरान कुल 10 वाहनों के चालान काटे गए।

## हिन्दू एकता के संदेश के साथ नगर में निकाली गई विशाल वाहन रैली

* रविवार को कुंभ स्थल में विशाल हिन्दू सम्मेलन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



नगर में हिन्दू सम्मेलन के आयोजन से पूर्व शनिवार को एक भव्य वाहन रैली निकाली गई। हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित इस रैली में हिन्दू समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वाहन रैली अष्ट विनायक लॉन (डिंडोरी नाका) से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कटरा, बिंझिया, देवदरा, महाराजपुर मार्ग से गुजरती हुई माहिष्मति घाट पहुँची। रैली में बड़ी संख्या में दोपहिया एवं चारपहिया वाहन शामिल रहे, जिन पर भगवा ध्वज लहराते हुए प्रतिभागी हिन्दू एकता एवं सांस्कृतिक चेतना का संदेश देते नजर आए। नेहरू स्मारक के समीप कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके सहित बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्तियों ने पुष्पवर्षा कर वाहन रैली का स्वागत किया। रैली के समापन पर माहिष्मति घाट में भारत माता एवं माँ नर्मदा की आरती की गई। इस अवसर पर आयोजन समिति के संयोजक सुधीर कांसकार ने बताया कि यह वाहन रैली रविवार, 18 जनवरी को कुंभ स्थल पर आयोजित होने वाले हिन्दू सम्मेलन को लेकर जनजागरण एवं समाज की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में सहभागिता करने की अपील की।

## समाधान का संकल्प, ग्राम पंचायत अंजनी में उमड़ा जनसैलाब विशेष ग्राम सभा सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया

आदिवासी अनुसूचित जनजाति क्षेत्र अंतर्गत जनपद पंचायत मवई की ग्राम पंचायत अंजनी आज जनभागीदारी की मिसाल बनी, जहाँ 17 जनवरी 2026 को संकल्प से समाधान अभियान योजना के अंतर्गत विशेष ग्राम सभा का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी समस्याओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए। शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित इस सभा में ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के ग्राम सभा अध्यक्ष गन्ना राम मार्को, सचिव हीरा सिंह राठौर, पंचायत पेसा मोबिलाईजर मनोज कुमार धुर्वे, पोस्ट ब्रांच मास्टर अंजनी अमीषा मेश्राम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं मतदातागढ़ उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर ग्राम विकास एवं सुशासन के संकल्प को मजबूत किया। ग्रामीणों ने कहा कि इस प्रकार की ग्राम सभाएँ समस्याओं के समाधान के साथ-साथ लोकतंत्र को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाती हैं।

**भ्रमण** | फील्ड ट्रिप के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत हुए बच्चे।

# किड्जी प्ले स्कूल के विद्यार्थियों को कराया भ्रमण

* बैंक, थाना, रेल्वे स्टेशन एवं नगर पालिका की मिली जानकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



किड्जी प्ले स्कूल सिविल लाइन्स मंडला ने नन्हे विद्यार्थियों के लिए एक मनोरम फील्ड ट्रिप का आयोजन किया, इस अभियान का उद्देश्य नन्हें बच्चों को समुदाय सहायक एवं पब्लिक सेक्टर की आवश्यक जानकारी के साथ व्यापक बनाना, स्कूली शिक्षा के साथ हमारी दैनिक गतिविधियों में इन विभागों के योगदान से अवगत कराना रहा। स्कूली शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया।

इस दौरान स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया में विजिट के दौरान ब्रांच मैनेजर शेखर कोल्हे ने बच्चों को बैंकिंग गतिविधियों की जानकारी दी। यहां पर हमारे खाते में रकम जमा करना, रकम निकालना, एफडी आदि हमारे रोजाना की दिनचर्या में बैंकिंग के महत्व को समझाया।



यातायात विभाग के भ्रमण करने के दौरान यातायात प्रभारी ललित धुर्वे, सूबेदार योगेश राजपूत ने बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सुरक्षित जीवन के लिए इन नियमों के आवश्यक पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक जानकारियां दी गई।

थाना कोतवाली के भ्रमण के दौरान थाना नगर निरीक्षक शफीक खान के निर्देशन में बच्चों को थाने के लॉकर, शिकायत दर्ज कराने के संबंध में आवश्यक जानकारी से अवगत कराया गया। बढ़ते क्राइम से सतर्क रहने के लिए आवश्यक तथ्य बताए गए। पुलिस से निर्भीक निडर होकर रहें और सबका सहारा 112 डायल को प्राथमिकता दें।

रेलवे स्टेशन महाराजपुर में स्टेशन मास्टर आर के श्रीवास्तव के निर्देशन में बच्चों को टिकिट कलेक्शन, रेल के इंजन को जोड़ना, रेलवे संचालन, आधुनिक पैनल रूम संबंधित बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया।

इसके पश्चात नगर पालिका मंडला में मुख्य नगर पालिका अधिकारी गजानन नाफडे. के निर्देशन में फायर शाखा डायल 101 के संबंध में जानकारी दी गई, किसी स्थान पर आग लगने, विभाग को सूचित करने से लेकर आग बुझाने तक की मौजूद गतिविधियों के माध्यम से अवगत कराया गया।

फील्ड ट्रिप ने न केवल बच्चों के ज्ञान को बढ़ाया बल्कि टीम वर्क और सामाजिक संपर्क को भी बढ़ावा दिया। फील्ड ट्रिप के संचालन में डायरेक्टर निशांत शुक्ला, स्कूल प्राचार्या शालिनी शुक्ला एवं एकेडमिक कोऑर्डिनेटर राशि पमनानी एवं स्कूल प्रबंधन का विशेष योगदान रहा।

## महिलाओं पर आपत्तिजनक बयान के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन

* कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया का पुतला फूंका।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



मंडला में कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया द्वारा महिलाओं को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयानों के विरोध में शनिवार शाम भाजपा महिला मोर्चा ने जोरदार प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने नेहरू स्मारक परिसर में विधायक का पुतला दहन कर अपना कड़ा विरोध जताया।

प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विधायक के बयान को महिलाओं के सम्मान के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं और यह संपूर्ण नारी समाज का अपमान है। कार्यकर्ताओं ने विधायक से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और कांग्रेस से उन्हें बर्खास्त करने की मांग की।

भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मंजू कछवाहा ने इस संबंध में कहा कि महिलाओं के प्रति इस प्रकार की भाषा कांग्रेस की सोच को दर्शाती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र माफी नहीं मांगी गई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

पुतला दहन के समय कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस और विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत संजय कुशराम, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री शशि पटेल सहित, नगर अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत अनीता तिवारी, शिखा श्रीवास्तव, उमा यादव, ममता साहू, तरला कछवाहा, पूर्णिमा धुर्वे, प्रतिभा साहू, पूर्णिमा धुर्वे, अनीता चौधरी, अंकिता दुबे, दीप्ति नरेलिया, बबीता अधिकारी, मुक्ता मणि, ललिता लाहोरिया, संध्या यादव, सारिका मिश्रा, गंगोत्री बडगैया, रागिनी तिवारी, शीतल वैष्णव, सौरभ गुप्ता,मयंक विश्वकर्मा, अमन अग्रवाल, मोंटी मलिक, दीपांशु दुबे, अंकित चौरसिया, शानू दुबे, नीरज कांड्रा, सावन नीखर, इशांक साहू, विभोर मिश्रा, महेंद्र सोनकेशरी, अंकित ज्योतिषी, दीपांशु बब्बू दुबे, सुनील मिश्रा, देव, नरेश सिंधिया, दिनेश चोधरी, यशवंत तिवारी, सुधीर मिश्रा, विकास यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 200 तीर्थयात्री चयनित

डिंडौरी। मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत डिंडौरी जिले के 200 तीर्थयात्रियों का चयन किया गया है। चयनित यात्री 21 जनवरी 2026 को भगवान सोमनाथ के दर्शन हेतु तीर्थ यात्रा पर प्रस्थान करेंगे। जिले के लिए यह योजना के तहत एक महत्वपूर्ण और सौभाग्यपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन 16 जनवरी 2026 तक आमंत्रित किए गए थे। डिंडौरी जिले के सात विकासखंडों एवं दो नगरीय निकाय क्षेत्रों से कुल 250 तीर्थयात्रियों ने आवेदन प्रस्तुत किए। शासन द्वारा निर्धारित रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से पात्र आवेदकों में से 200 तीर्थयात्रियों का चयन किया गया, जिनमें 132 पुरुष एवं 68 महिला यात्री शामिल हैं।योजना के नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिक ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत सोमनाथ की यह यात्रा 21 जनवरी से 27 जनवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। तीर्थयात्रा शहडोल से रेल मार्ग द्वारा संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने चयनित यात्रियों से अपील की है कि वे 21 जनवरी को प्रातः 10 बजे अनिवार्य रूप से कलेक्ट्रेट कार्यालय डिंडौरी में उपस्थित हों, जहां से बसों के माध्यम से सभी यात्रियों को शहडोल रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया जाएगा।नोडल अधिकारी ने बताया कि यात्रा के दौरान सभी चयनित तीर्थयात्रियों को आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। चयनित यात्रियों की सूची संबंधित विकासखंडवार जनपद पंचायत सीईओ कार्यालयों तथा नगरपालिका डिंडौरी एवं शहपुरा में उपलब्ध है।तीर्थयात्रियों का चयन एनआईसी कक्ष में गठित चयन समिति द्वारा रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर नोडल डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिक, तहसीलदार शहपुरा शंशांक शेंडे तथा डीआईओ एनआईसी प्रशांत कौशिक तकनीकी अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे।

### सचिव के विरोध में ग्राम सभा पहुंची कार्यालय जनपद पंचायत



अमरपुर। जनपद पंचायत अमरपुर के नजदीकी ग्राम पंचायत भाखा माल जिस ग्राम पंचायत क्षेत्र में चार गांव सम्मिलित हैं। जोकि वर्तमान ग्राम पंचायत सचिव सेवा सिंह राजपूत से काफी त्रस्त हैं। ग्राम पंचायत भाखा माल में 16 जनवरी को ग्राम सभा आयोजित की गई। चारों गांव में मुनादी कराई गई। जब ग्रामीण पंचायत कार्यालय में पहुंचे तो सचिव नदारत होने से ग्रामीण आक्रोशित होकर सचिव के विरुद्ध प्रस्ताव पारित कर पूरी ग्राम सभा जनपद पंचायत कार्यालय अमरपुर पहुंचकर सचिव सेवा सिंह राजपूत को 15 दिवस में ग्राम पंचायत से स्थानांतर कर दूसरे सचिव की व्यवस्था करने कहा गया हैं। ग्रामीणों का आरोप हैं कि सचिव ग्राम पंचायत कार्यालय में आता ही नहीं हैं। इसके साथ ही जरूरत पड़ने पर फोन लगाने पर फोन रिसीव नहीं किया जाता। वहीं उसके घर बिलासर जाने पर कहा जाता हैं कि पंचायत में आकर मिलो। इस प्रकार अपनी समस्या मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के समक्ष बयां करते हुए ग्राम सभा का प्रस्ताव आवेदन के साथ सौंपा गया। जिस पर सीईओ लवकेश नारनोरे द्वारा प्रस्ताव जिला पंचायत कार्यालय डिंडौरी भेजने का आश्वासन देते हुए समस्या का निराकरण करने कहा गया। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच देवेंद्र साण्डया, उप सरपंच चंद्र सिंह ठाकुर, वार्ड पंच सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्राम सभा सदस्यों ने कहा कि समय सीमा में निराकरण न होने की स्थिति में मजबूरन चक्काजाम भी करना पड़े तो हम लोग पीछे नहीं हटेंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### अमरपुर में विकासखंड स्तरीय "खेलो एमपी यूथ गेम्स" का आयोजन संपन्न



अमरपुर। विकासखंड मुख्यालय अमरपुर स्थित सांदीपनि विद्यालय में विकासखंड स्तरीय "खेलो एमपी यूथ गेम्स" का आयोजन उत्साह पूर्वक किया गया। जिसमें संस्था के प्राचार्य प्रदीप कुमार सुरीन ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों एवं खेल संस्थानों से आए खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपना खेल कौशल प्रदर्शित किए गए।

# सुगढ़ टूरी अभियान के तहत बजाग में एनीमिया कैंप का निरीक्षण

# सीईओ जिला पंचायत ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी ने बजाग जनपद का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने खरगहना के प्राथमिक विद्यालय, प्राइमरी विद्यालय एवं छात्रावास का निरीक्षण किया।

डिंडौरी ।

इस दौरान उन्होंने मध्यान भोजन, नियमित कक्षा संचालन, विद्यार्थियों की उपस्थिति आदि का जायजा लिया। इसके अलावा, उन्होंने बजाग के उत्कृष्ट विद्यालय में भी विद्यार्थियों से मिलकर चर्चा की और स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत वॉश एंड व्हील का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वच्छता परिसर में स्वच्छता साथी द्वारा साफ सफाई करते हुए समीक्षा की और अन्य शासकीय विभागों को भी स्वच्छता साथी द्वारा नियमित करने के निर्देश दिए। वॉश ऑन व्हील्स योजना का उद्देश्य स्वच्छता के साथ युवाओं को रोजगार प्रदान करना है। इस योजना के तहत, मोबाइल इकाइयों के माध्यम से गांव-गांव जाकर शौचालयों की नियमित सफाई और रखरखाव सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और लोगों के जीवन में सुधार लाना है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की कि वे इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए काम करें। डिंडोरी जिले के बजाग जनपद में सुगढ टूरी अभियान के अंतर्गत एनीमिया कैंप का निरीक्षण किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी ने कहा कि एनीमिया कैंप का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करना और लोगों के जीवन में सुधार लाना है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की कि वे इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए काम करें। इस दौरान एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, बीएमओ, सीडीपीओ, बीईओ, एवं कैम्प प्रभारी तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# डिंडौरी में होगा एनीमिया जांच का रिकॉर्ड ब्रेकिंग अभियान

## एक दिन में 35 हजार बालिकाओं व महिलाओं की होगी जांच



डिंडौरी।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले में "सुगढ़ टूरी – आज स्वस्थ, कल सशक्त" थीम पर रिकॉर्ड ब्रेकिंग वन-डे एनीमिया जांच अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर मीडिया को अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई।कलेक्टर ने बताया कि यह विशेष अभियान 19 जनवरी को जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों, महाविद्यालयों तथा आईटीआई संस्थानों में एक साथ आयोजित किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक चलने वाले इस अभियान के तहत डिंडौरी मध्यप्रदेश का पहला जिला बनेगा, जहां एक ही दिन में इतने बड़े स्तर पर एनीमिया जांच की जाएगी।

उन्होंने बताया कि जिले के लगभग 620 शिक्षण संस्थानों में शिविर लगाकर करीब 35 हजार किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं तथा ग्रामीण दीदियों का हीमोग्लोबिन (एचबी) परीक्षण किया जाएगा। जिला प्रशासन की इस अभिनव पहल से एनीमिया जैसी गंभीर समस्या से निपटने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकेंगे।कलेक्टर ने बताया कि यह अभियान रिकॉर्ड ब्रेकिंग एवं रियल-टाइम मॉडल पर आधारित है। जिलेभर में एक साथ एचबी जांच कर ऑनलाइन रिपोर्टिंग की जाएगी, जिसकी सतत निगरानी जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम से की जाएगी।अभियान के सफल संचालन के लिए जिला स्तर से 62 अधिकारियों की तैनाती की गई है। ये अधिकारी 18 जनवरी को शिविर स्थलों की तैयारियों का निरीक्षण करेंगे तथा 19 जनवरी को मौके पर मौजूद रहकर जांच प्रक्रिया की निगरानी और समन्वय सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने बताया कि जिले में एनीमिया की गंभीर स्थिति को देखते हुए व्यापक स्क्रीनिंग अत्यंत आवश्यक है। जांच के बाद मध्यम एवं गंभीर रूप से एनीमिक बालिकाओं और महिलाओं को चिन्हित कर उनका उपचार, नियमित दवा वितरण, पोषण परामर्श तथा निरंतर फॉलो-अप किया जाएगा।जिले के सभी 620 शिविर स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। प्रत्येक शिविर में एचबी जांच उपकरण, स्वास्थ्य किट, एनीमिया कार्ड, लाभार्थी सूची, आईईसी सामग्री एवं ऑनलाइन रिपोर्टिंग से संबंधित सभी संसाधन उपलब्ध रहेंगे।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने जिले के सभी शिक्षण संस्थानों, अभिभावकों, लाभार्थियों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे इस व्यापक स्वास्थ्य अभियान में सक्रिय सहभागिता करें। उन्होंने छात्राओं एवं ग्रामीण महिलाओं से आग्रह किया कि वे 19 जनवरी को निर्धारित केंद्रों पर पहुंचकर एनीमिया जांच अवश्य कराएं, ताकि डिंडौरी को एनीमिया मुक्त जिला बनाने की दिशा में ठोस परिणाम प्राप्त किए जा सकें।




# डेमघाट में नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए आयुष विभाग का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

डिंडौरी।

नर्मदा परिक्रमा पर निकले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य संरक्षण को ध्यान में रखते हुए आयुष विभाग द्वारा डेमघाट, डिंडौरी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का नियमित आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रतिदिन सायं 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक संचालित हो रहा है, जिसमें परिक्रमावासियों को आयुष पद्धतियों के अंतर्गत चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में नर्मदा परिक्रमा पर आए श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक उपचार निःशुल्क किया जा रहा है। आयुष चिकित्सकों द्वारा सामान्य रोगों के साथ-साथ यात्रा के दौरान होने वाली थकान, जोड़ों के दर्द, सर्दी-खांसी एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का उपचार किया जा रहा है।जानकारी के अनुसार बीते दिन शिविर में 47 परिक्रमावासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और शिविर निरंतर जारी है।यह स्वास्थ्य शिविर आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन डिंडौरी के समन्वय से संचालित किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने नर्मदा परिक्रमावासियों से अपील की है कि वे इस निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं, ताकि यात्रा के दौरान वे स्वस्थ एवं सुरक्षित रह सकें।



विशाल कलश यात्रा के साथ राम कथा का शुभारंभ

# महामंडलेश्वर आत्मानंद गिरि महाराज करेंगे श्रीराम कथा का वाचन

शहपुरा

शहपुरा नगर के भैरवगंज वार्ड क्रमांक 13 में आज 17 जनवरी से भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंभ हो गया। श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से परिपूर्ण इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की सहभागिता देखने को मिली। श्रीराम कथा का आयोजन रेखा गोस्वामी द्वारा किया जा रहा है, जबकि कथा का वाचन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त महामंडलेश्वर अनंत श्री विभूषित स्वामी आत्मानंद गिरि महाराज के श्रीमुख से किया जाएगा। महाराज पंचदशनाम जूना अखाड़ा से संबद्ध हैं और उनके प्रवचनों को सुनने के लिए दूर-दराज़ से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि यह राम कथा प्रतिदिन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न होगी। कथा के समापन अवसर पर 26 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी ग्रहण करने का अवसर मिलेगा।इस धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील रवि गोस्वामी द्वारा नगरवासियों से की गई है।नगर में राम कथा को लेकर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# आबकारी विभाग की कार्रवाई अवैध शराब के 8 मामले दर्ज

डिंडौरी।

जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से आबकारी विभाग द्वारा सघन कार्रवाई की गई। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार तथा प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी सम्हर सिंह धुर्वे के नेतृत्व में 16 जनवरी को आबकारी विभाग वृत्त समनापुर की टीम ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर विभिन्न ग्रामों में दबिश दी।इस दौरान अवैध शराब से संबंधित कुल 8 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कार्रवाई के दौरान ग्राम कन्हारी से रामप्यारी पति शंकर के कब्जे से 30 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 6 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जब्त की गई। ग्राम किकरिया स्थित किराना दुकानों से नीलमणि पाराशर पिता भारत पाराशर के यहां से 25 पाव देसी मदिरा प्लेन तथा श्यामवती बाई पति महेश के यहां से 6 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब बरामद की गई।इसी प्रकार ग्राम कन्हरी में मानसिंह पिता गुलाब सिंह की किराना दुकान से 15 पाव जीनियस रम विदेशी मदिरा, ग्राम करेगांव से तेज लाल यादव पिता विष्णु यादव एवं अशोक यादव पिता तेज लाल यादव के कब्जे से अलग-अलग 7-7 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जब्त की गई। ग्राम बम्हनी में शुक्कर बाई पति राम प्रसाद से 6 लीटर तथा रेशमा पति राजेश यादव से 5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब बरामद की गई।

कार्रवाई में कुल 37 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, 30 किलोग्राम महुआ लाहन, 25 पाव देसी मदिरा प्लेन एवं 15 पाव विदेशी मदिरा जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 13,900 रुपये आंकी गई है। सभी आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) 'क' के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किए गए हैं।इस कार्रवाई में आबकारी आरक्षक छिद्दी लाल झारिया, मनीष उईके, करिशमा सलामें, नगर सैनिक तोक सिंह मरावी, कोता बाई तथा वाहन चालक कुलदीप उइके का विशेष योगदान रहा। आबकारी विभाग ने आगे भी अवैध मदिरा के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।



# संस्कार पब्लिक हाई स्कूल शहपुरा के विद्यार्थियों का शैक्षणिक थाना भ्रमण

शहपुरा

संस्कार पब्लिक स्कूल शहपुरा के विद्यार्थियों को प्रति वर्ष अनुसार शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत शहपुरा थाना लाया गया, जहां कक्षा छठवीं से लेकर दसवीं तक के छात्र-छात्राओं ने शहपुरा पुलिस से प्रत्यक्ष संवाद किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली, कानून व्यवस्था एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई।संवाद के दौरान पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को विभिन्न धाराओं के बारे में सरल भाषा में समझाया और यह भी बताया कि किस प्रकार के अपराध किन आयु वर्गों से जुड़े होते हैं। विशेष रूप से बाल अपराध, किशोर न्याय अधिनियम और बच्चों की जिम्मेदारियों व अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस ने यह भी बताया कि



अपराध की दुनिया से दूर रहना क्यों आवश्यक है और कानून का पालन करने से समाज में शांति एवं सुरक्षा बनी रहती है।विद्यार्थियों ने थाना परिसर, पुलिस कंट्रोल रूम, रिकॉर्ड संधारण और आपातकालीन सेवाओं की कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा। बच्चों ने पुलिस से प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों ने सहजता से उत्तर दिया। इस भ्रमण से विद्यार्थियों में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ी और पुलिस के प्रति विश्वास व सम्मान की भावना विकसित हुई। विद्यालय प्रबंधक एल पी झारिया ने शहपुरा पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए थाना प्रभारी को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रेषित किया विद्यालय से संस्था प्रमुख लाला झरिया, प्राचार्या सविता झरिया प्रधानाध्यापक आर एल चंद्रा, दिनेश गौतम श्वेता झारिया, ममता रानी सेंगर एवं श्रुति गुप्ता उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### कार्यपालिका समिति की बैठक कल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मप्र जिला खनिज प्रतिष्ठान नियम 2016 के संशोधित नियम 7 (2) (छ) के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025- 26 के लिए जिला खनिज प्रतिष्ठान जिला नरसिंहपुर के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की वार्षिक कार्ययोजना तैयार अनुमोदन किए जाने के लिए कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में कार्यपालिका समिति की बैठक 19 जनवरी को सायं 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन कल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जीएसटी बचत उत्सव कार्यशाला एवं युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार / स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में 19 जनवरी को प्रात 10.30 बजे से जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया जाएगा। स्वरोजगार योजनांतर्गत विभिन्न विभागों के माध्यम से स्वरोजगार के लिए उपलब्ध कराए गए ऋण वितरण एवं निजी क्षेत्र के फर्म्स कंपनियों द्वारा रोजगार उपलब्ध कराए गए आवेदकों को ऑफर लेटर वितरित किए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कार्यक्रम के पूर्व सुव्यवस्थित तैयारी एवं सफल आयोजन के लिए कार्यालय प्रमुखों को दायित्व सौंपने का आदेश जारी किया है।

## अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश, पुलिस की कार्रवाई

# 106 किलो गांजा व 31 ग्राम स्मैक जब्त

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पर्दाथ सहित आरोपियों का गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा अवैध व्यापार पर लगाम लगाने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दो अलग - अलग स्थानों पर जांच कर कार्रवाई की गई। जिसमें 106 किलो गांजा तथा 31.55 ग्राम गांजा जब्त कर आरोपियों को हिरासत मे लिया गया। पुलिस ने बताया कि उक्त आरोपी अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्य थे जो अवैध मादक पदार्थो की सप्लाई करते थे। पुलिस द्वारा आरोपियो से पूछताछ कर मुख्य स्त्रोतों का पता लगाने में जुटी हुई है। थाना सुआतला एवं थाना स्टेशनगंज पुलिस द्वारा अवैध नशे के प्रभावी कार्यवाही करते हुए बड़ी मात्रा अवैध गांजा एवं स्मैक जप्त की गयी है।






### मामला इस प्रकार

पुलिस ने बताया कि राजमार्ग चौराहे पर पुलिस टीम द्वारा नाके बंदी के दौरान संदेह के आधार पर एक ट्रक को रोका गया जो पुलिस टीम को देखकर स्टापर को धक्का देते हुए तेजी से बरमान की ओर भागा जिस पर सुआतला पुलिस द्वारा बरमान चौकी को सूचित किया गया सूचना पर पुलिस द्वारा मजबूत नाकेबंदी की गई एवं उक्त ट्रक को रोका गया ट्रक रोकने के बार वाहन चालक एवं एक अन्य व्यक्ति वाहन से उतरकर भागने लगे पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए आरोपियों का पीछा किया गया जिसके परिणाम स्वरूप आरोपियों को गिरफ्त में लेकर पूछताछ पर उनके द्वारा गोल-मोल जवाब दिया गया। जिस पर और अधिक संदेह होने पर वाहन की तलाशी ली गयी में ट्रक के ऊपर चालाकी से विशेष बॉक्स बनाकर छुपाया गए गांजे के पैकेट दिखाई दिए जिन्हें ट्रक से बाहर निकालकर चैक करने पर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा भरा पाया गया। पूछताछ पर आरोपियों द्वारा उक्त गांजे को उडीसा-छत्तीसढ तरफ से भोपाल की ओर ले जाना बताया गया है। ट्रक से 106 किलो गांजा जब्त किया गया। जिसकी कीमत तकरीबन 55 लाख रुपए बताई गई।

### 31.55 ग्राम स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

थाना स्टेशनगंज पुलिस को भ्रमण के दौरान सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम डोकरघाट मुन्ना ढाबा के पास एक व्यक्ति अवैध स्मैक लेकर घूम रहा है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम द्वारा प्रभावी घेराबंदी की गयी जिस पर आरोपी पुलिस टीम को देखकर भागने लगा पुलिस टीम द्वारा आरोपी का पीछा कर उसे गिरफ्त में लेने में सफलता प्राप्त हुयी आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में समैक जप्त की गयी है। आरोपी आशीष कौरव निवासी ग्राम कुशमी, थाना करेली, जिला नरसिंहपुर, म.प्र. से 31.55 ग्राम अवैध स्मैक अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 3.5 लाख अनुमानित बताई गई। आरोपी के विरूद्ध धारा 8 (ए), सी / 21 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों से मुख्य स्त्रोतों के बारे मे पूछताछ में जुटी हुई है।

### गुप्त बॉक्स में छिपा रखा था गांजा

पुलिस ने बताया कि तस्करों की नई और चौंकाने वाली तथ्य भी सामने आया जिसमें ट्रक के ऊपर विशेष रूप से बनाए गए गुप्त बॉक्स में गांजा छिपाया गया था। अवैध मादक पदार्थों को जब्त कर सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस ने आरोपी शकील खान निवासी देवरी पार्वती, जिला सीहोर म.प्र. एवं अमन कुशवाहा निवासी नानकपुर, आष्टा, जिला सीहोर, म.प्र. को गिरफ्तार किया गया। दोनो आरोपियों से 106 किलोग्राम अवैध गांजा जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 25 लाख रूपए बताई जा रही है। अन्य जप्ती में एक ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएफ 9648 कीमत लगभग 30 लाख रूपये एवं दो मोबाइल कीमत लगभग 15 हजार रुपये जब्त किए गए। आरोपियों पर धारा 8, 20 एवं 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्रवाई में उनि दिलीप सिंह, सउनि संतोष राजपूत, प्रधान आरक्षक रंजीत पटेल, देवेन्द्र सिंह, अशोक अहिरबार, जितेन्द्र पटेल, आरक्षक हसन रजा, आशीष पटेल, अनुराग ठाकुर, हेमंत बाडिवा, मोहित त्रिपाठी, महिला आरक्षक कुमुद पाठक, सैनिक गजराज, चूरामन एवं स्मैक के विरुद्ध की गयी कार्यवाही में निरीक्षक सौरभ पटेल, उनि राहुल सोनकर, नंदकिशोर कुशवाहा, दिलीप इनवाती, प्रशांत ठाकुर सहित अन्य की भूमिका रही है।

### सांदीपनि विद्यालय में कैरियर मेले का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** समग्र शिक्षा अभियान लोक शिक्षण संचारसनालय म.प्र. के निर्देशानुसार सांदीपनि विद्यालय में एक दिवसीय कैरियर मेला का आयोजन कक्षा 9 से 12 की छात्राओं के मार्गदर्शन हेतु किया गया। जिसमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, वाणिज्य, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में विशेषज्ञ महानुभावों अग्रवाल हॉस्पिटल नरसिंहपुर से डॉ. आर. के. द्विवेदी वैदिक नर्व थैरेपिस्ट एवं होम्योपैथी फिजिशियन, बैंक ऑफ इंडिया नरसिंहपुर से अमृत हुसैन, सुमीर दास, नारद सोलर पावर से कपिल इंदुरख्या. ने प्रेरक मार्गदर्शन दिया। साथ ही कैरियरर मेले में विभिन्न स्टॉल पर जाकर छात्राओं ने कैरियर कार्ड के माध्यम से अपने ज्ञान वर्धन एवं जिज्ञासा समाधान किया। छात्राओं एवं विद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक सभी महानुभावों को सुना और अपना ज्ञानवर्धन किया। इस कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर राम कुशवाहा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रभात मिश्रा ने प्रेरक उद्बोधन के माध्यम से छात्राओं को भविष्य में कैरियर निर्माण हेतु मार्गदर्शन दिया। इस कार्यक्रम में सर्वश्री योगेश गुप्ता, सुशील दीक्षित, अभिनव लखेरा, प्रभात सिंह राजपूत, महेंद्र लोधी, दुर्गाप्रसाद धुर्वे, आशीष पटेल, लक्ष्मण प्रसाद डेहरिया, गनेश लोधी, सुनील सोनी, ब्रजेश जाट, नितिन लांझे , शिवम पांडेय एवं समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा । आभार प्रदर्शन सुशील दीक्षित के द्वारा किया गया।

### ग्राम कुकलाह पोनिया में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान साप्ताहिक का शुभारंभ



**गोटेगांव।** विगत दिवस ग्राम कुकलाह पोनिया में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान साप्ताहिक का शुभारंभ गोटेगांव कुकलाह के पास में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का विधिवत शुभारंभ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ कथा स्थल से ग्राम कुकलाह में पूजन अर्चन कलश स्थापना के साथ शुभारंभ किया जाएगा। श्रीमद् भागवत कथा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है भव्य कलश यात्रा में महिलाए पुरुष कन्या श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल होंगे शुभारंभ 17जनवरी से 24 जनवरी तक होगा सात दिनों तक चलने वाली इस अनुष्ठान में प्रतिदिन 2:00 बजे से 5:00 बजे तक कथा का आयोजन किया गया है कथा वाचन के लिए प्रसिद्ध पंडित ध्रुव देव महाराज बाबरिया वाले को आमंत्रित किया गया है जो भगवान श्री कृष्ण के दिव्या जीवन लीलाओं तथा प्रमुख प्रसंगों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालेंगे श्रद्धालुओं के लिए यह आध्यात्मिक और ज्ञानवर्धक अवसर माना जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन आशीष नेमा अमित नेमा अनिल नेमा एवं समस्त ग्राम वासियों द्वारा किया जा रहा है।




## शिविर बकायेदारों ने राशि जमा कर उठाया योजना का लाभ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी नरसिंहपुर व्रत की 23 वितरण केन्द्र की पंचायतों में शिविर सरपंच सचिव और अन्य सभी जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में लगाए गए। प्रदेश शासन ऊर्जा विभाग की चलाई जा रही समाधान योजना 2025 - 2026 अंतर्गत अधीक्षण अभियंता नीलाभ श्रीवास्तव के सख्त निर्देश पर जिले के प्रत्येक वितरण केंद्र में शिविर योजना की विस्तार से जानकारी दी जा रही है। जिसके चलते 1000 उपभोक्ताओं को तत्काल समाधान योजना में शामिल कर लाभ प्राप्त करवाया गया ओर सभी ग्राम पंचायत सरपंच और सचिव को कैंप लगाकर सूची के माध्यम से अवगत कराया गया कि मध्य प्रदेश सरकार की जो योजना चलाई जा रही है उसमें घरेलू कृषि पंप उपभोक्ता को 31 जनवरी तक अधिभार में शत प्रतिशत की छूट प्राप्त हो रही है। नरसिंहपुर सांचा संधा संभाग अंतर्गत आने वाले वितरण केन्द्र के सभी वितरण केन्द्र प्रभारी को कार्यपालन अभियंता विवेक जशेले ने सख्त निर्देश दिए हैं कि 50 हजार रुपए से ऊपर बड़े बकायदार की राशि 31 जनवरी तक शत प्रतिशत राशि जमा करवाना सुनिश्चित करें।

### गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरा पानी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर ने बताया कि जिला चिकित्सालय परिसर में 6 बोरवेल संचालित हैं। शासन के निर्देशानुसार कायाकल्प एवं एनक्यूएएस मानकों के अनुरूप 300 बिस्तरीय अस्पताल में मरीजों की सुविधा एवं आवश्यक चिकित्सकीय कार्यों के लिए न्यूनतम 60 हजार लीटर पानी की आवश्यकता होती है। इसके अनुरूप चिकित्सालय परिसर में लगभग 77 हजार लीटर पानी भंडारण क्षमता उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अस्पताल भवनों की छतों पर लगभग 42 टंकियां स्थापित हैं, जिनकी सफाई व्यवस्था नियमानुसार चिकित्सालय की सफाई एजेंसी मेसर्स राज सिक्योरिटी फोर्स सर्विस (प्रा.लि.) के माध्यम से प्रत्येक 4 माह में तथा आवश्यकता अनुसार कराई जाती है। सिविल सर्जन ने बताया कि बोरवेल जल का परीक्षण 24 अक्टूबर 2025 को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड नरसिंहपुर के माध्यम से मानकों के अनुरूप कराया गया था। विभाग की रिपोर्ट के अनुसार चिकित्सालय परिसर का जल पूर्णतः पीने योग्य है।

## मिलावटखोरी का कारोबार चरम पर, लोगों की जान से हो रहा खिलवाड़

### संदेह के घेरे में जिम्मेदार विभाग अधिकारियों की चुप्पी

**गोटेगांव।** नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों मिलावटखोरी का कारोबार चरम पर है। बाज़ारों में मिलावटी खाद्य सामग्री और रसायनों से तैयार सब्जियां धड़ल्ले से बेची जा रही हैं, लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि खाद्य सुरक्षा विभाग (फूड सेफ्टी विभाग) सब कुछ जानते हुए भी मौन साधे बैठा है। जिम्मेदार अधिकारियों की यह चुप्पी अब संदेह के घेरे में है।महंगाई के इस दौर में आम आदमी एक तरफ तो सातवें आसमान को छू रहे खाद्य पदार्थों के ऊंचे दाम चुका रहा है, वहीं बदले में उसे शुद्धता के बजाय गंभीर बीमारियां मिल रही हैं। दुकानदारों पर अधिक मुनाफा कमाने का ऐसा जुनून सवार है कि वे लोगों की जान से खिलवाड़ करने में भी पीछे नहीं हट रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूरे पैसे देने के बाद भी उन्हें शुद्ध घी, तेल या मसाले नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक और शारीरिक दोनों तरह का नुकसान उठाना पड़ रहा है। बाजार में बिकने वाली हरी सब्जियों को ताज़ा और आकर्षक दिखाने के लिए ऑक्सीटोसिन और अन्य घातक केमिकल्स का उपयोग किया जा रहा है। दूध में पानी के बजाय अब खतरनाक रसायनों का मिश्रण कर उसकी मात्रा बढ़ाई जा रही है। चिकित्सकों का मानना है कि इन मिलावटी पदार्थों और केमिकल्स के लगातार सेवन से लीवर, किडनी, पेट से संबंधित गंभीर बीमारियों सहित कैंसर जैसी जानलेवा स्थिति निर्मित हो सकती है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलावटखोरी साबित होने पर 10 साल की सजा और भारी जुर्माने का प्रावधान है, लेकिन गोटेगांव में कानूनी कार्रवाई का कोई खौफ नजर नहीं आता। नागरिकों ने प्रशासन और विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि जल्द ही विशेष अभियान चलाकर इन मिलावटखोरों पर नकेल कसी जाए।

# परिक्रमावासियों और असहाय लोगों को राहत देने बाला आश्रय स्थल बदहाल

**हैरानी की बात, चार साल बीत जाने के बाद भी यहां अब तक शौचालय का निर्माण नहीं**

**गोटेगांव ।** नगर के लाठगांव रोड पर पानी की टंकी के समीप बनाया गया आश्रय स्थल अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। करीब चार साल पहले नर्मदा परिक्रमा वासियों और असहाय लोगों को राहत देने के उद्देश्य से इस भवन का निर्माण कराया गया था, लेकिन जिम्मेदार विभागों की अनदेखी के कारण यह सफेद हाथी साबित हो रहा है।हैरानी की बात यह है कि चार साल बीत जाने के बाद भी यहां अब तक शौचालय का निर्माण नहीं कराया गया है। साथ ही यहां रुकने वाले लोगों के लिए पीने के पानी तक का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है। हालांकि प्रशासन ने दिखावे के लिए अंदर पलंग और गद्दे तो रखवा दिए हैं, लेकिन कड़ाके की ठंड के बावजूद सुविधाओं के अभाव में लोग यहां शरण लेने से कतरा रहे हैं।जो लोग मजबूरी में यहां रुकते हैं, उन्हें दैनिक क्रियाओं और शौचालय के लिए खुले में बाहर जाना पड़ता है। वहीं पानी की तलाश में उन्हें यहां-वहां भटकना पड़ रहा है। जिस सेवा भाव और मकसद से लाखों की लागत लगाकर यह आश्रय स्थल तैयार किया गया था, वह बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण पूरा नहीं हो पा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द यहां शौचालय और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि जरूरतमंदों को इसका वास्तविक लाभ मिल सके।

## गंदगी और अव्यवस्था से जूझ रहा उप पंजीयन कार्यालय, सप्ताह में केवल दो दिन खुलता है ताला




### स्थायी अधिकारी न होने से बिचौलिये और स्टांप वेंडर हो रहे सक्रिय

**गोटेगांव।** शासन के खजाने में प्रतिवर्ष लाखों रुपये का राजस्व जमा करने वाला गोटेगांव उप पंजीयन कार्यालय वर्तमान में घोर अव्यवस्थाओं और प्रशासनिक उपेक्षा का केंद्र बन गया है। रजिस्ट्री जैसे महत्वपूर्ण कार्य के लिए दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों को यहां बुनियादी सुविधाओं के अभाव में भारी मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कार्यालय परिसर की स्थिति यह है कि चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे उठने वाली दुर्गंध के कारण लोगों का वहां खड़ा होना भी दूभर हो गया है। कार्यालय की सबसे बड़ी समस्या स्थायी अधिकारी का न होना है। वर्तमान में पदस्थ रजिस्ट्रार सप्ताह में केवल दो दिन ही गोटेगांव में सेवाएं देते हैं, जबकि शेष समय उनकी ड्यूटी तेंदूखेड़ा में रहती है। महज दो दिनों में पूरे क्षेत्र की रजिस्ट्रियों का बोझ होने के कारण कार्यालय में भारी भीड़ उमड़ती है। समय की कमी और अव्यवस्था का फायदा उठाकर बिचौलिये और स्टांप वेंडर सक्रिय हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रजिस्ट्री का नंबर लगवाने के नाम पर उनसे अतिरिक्त राशि वसूली जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने अब मांग की है कि गोटेगांव में पूर्णकालिक कार्यालय संचालित किया जाए और स्टाफ की संख्या बढ़ाई जाए।

### इनका कहना है

गोटेगांव उप पंजीयन कार्यालय की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा। हम इस विषय में उच्च अधिकारियों और रजिस्ट्रार से चर्चा करेंगे। प्रथम दृष्टया समस्या स्टाफ की कमी की लग रही है, क्योंकि जिले के कार्यालयों में कर्मचारियों की कमी है। इसके बावजूद हम वरिष्ठ अधिकारियों से तालमेल बैठाकर आवश्यक निर्णय लेंगे और पूरे मामले की जांच कराएंगे ताकि जनता को जल्द राहत मिल सके।

**संघमित्रा गौतम, एसडीएम गोटेगांव**

### जयवार परिवार में मातृ शोक

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस हीरापुर के प्रतिष्ठित जयवार परिवार के अनूप जयवार प्रसन्न जयवार प्रफुल्ल जयवार प्रभात जयवार की पूज्य माताजी का दुखद निधन हो जाने पर क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।

## छात्राओं को सिखाए जा रहे आत्म रक्षा के गुण



**तेंदूखेड़ा।** शासन द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 9 से 11 की छात्राओं को आत्म रक्षा के गुण सिखाये जा रहे हैं। संस्था प्राचार्य श्रीमती रश्मि शर्मा ने हमारे प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए बताया कि छात्राओं को विपरित परिस्थितियों से निपटने की दिशा में स्वयं आत्म रक्षा कर सकें। और छात्राओं के मन में आत्मबल बढ़े इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षक श्रीमती अभिलाषा उपाध्याय के माध्यम से छात्राओं को समय समय पर प्रशिक्षित किया जाता रहता है।

## 30 जनवरी को राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ का आंदोलन

### 21 से क्रमिक अनशन

**तेंदूखेड़ा। किसान एवं मजदूरों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ नरसिंहपुर द्वारा आगामी 30 जनवरी को वृहद स्तर पर आंदोलन और 21 जनवरी से 29 जनवरी तक क्रमिक अनशन शुरू किया जायेगा।**

संघ के सदस्यों द्वारा गांव गांव जाकर बैठकों का सिलसिला चल रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में किसान एवं मजदूर साथी उपस्थित हो रहे हैं। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार यह बैठकें आगामी 30 जनवरी 2026 को प्रस्तावित विशाल आंदोलन की तैयारी के तहत आयोजित की जा रही हैं। बैठकों में किसानों की गंभीर समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आंदोलन के प्रमुख मुद्दों को सर्वसम्मति से रखा जा रहा है। इस आंदोलन में प्रमुख रुप से चिकनी बैराज से वंचित विंध्याचल क्षेत्र के ग्रामों को शीघ्र सिंचाई जल उपलब्ध कराया जाए । तथा किसानों को डी ए पी खाद की नियमित पर्याप्त एवं समय वद्ध आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाये।गन्ना मूल्य में न्यायसंगत एवं यथोचित वृद्धि की जाए। विद्युत विभाग की घोर अनियमितताओं पर तत्काल कार्रवाई की जाए। राजस्व विभाग से संबंधित लंबित एवं जनहित के मामलों का शीघ्र निराकरण किया जाए संघ ने सभी किसानों मजदूरों एवं संगठन के पदाधिकारियों से आह्वान किया है कि वे 30 जनवरी को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आंदोलन को सफल बनाएं।राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ ने स्पष्ट किया कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित




**तेंदूखेड़ा।** प्रतिवर्ष की भांती बरमान मेला में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुआ ।जिसमें परम्परा अनुसार कांग्रेस एवं भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने भाग लिया।जिसमें दोनों तरफ से वाद विवाद दोषारोपण संवाद हुआ जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटेल वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटेल जिले के वरिष्ठ डॉ संजीव चंदोलकर डॉ देवेंद्र प्रताप सिंह दिनेश पटेल किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष पटेल सेवादल के सौरभ शर्मा जनपदअध्यक्ष सोबरन ठाकुर मनीष कौरव आयुष रघुवंशी ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल राजेंद्र पटेल सूर्यकांत लोधी सतीश सैनी धनीराम पटेल द्वारका राजपूत श्रीमती प्रियंका दीक्षित संगीता जायसवाल प्रीति विश्वकर्मा अर्चना कुर्मी उमा उईके अवधेश रूसिया डॉ राजेश साहू प्रीतम पटेल देवेंद्र पटेल श्रीकांत गुप्ता कमल जैन ह्रदेश पाली अरविंद पटेल अनुज कौरव संजय कौरव सहित समस्त बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।